दिन– रविवार दिनांक– 17 / 12 / 2017

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7:30 बजे से। अवधिः– 10 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने त्वरित न्याय की आवश्यकता पर जोर देते हुये अधिकारियों से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने को कहा।

02. रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा– रेलवे, ट्रेनों के भीतर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर कर रही है विचार।

03. खगड़िया के कोसी कॉलेज मैदान में आज से शुरू हुई बिहार राज्य सब–जूनियर पुरूष हॉकी प्रतियोगिता।

04. और, सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश भर में ठंड और कनकनी बढ़ी। आने वाले दिनों में लोगों को करना पड़ सकता है भीषण ठंड का सामना।

———————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने त्वरित न्याय की आवश्यकता पर जोर देते हुये अधिकारियों से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने को कहा है। आज पटना में स्पीडी ट्रायल एंड टाईमली जस्टिस विषय पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुये श्री कुमार ने कहा कि समय पर न्याय नहीं मिलने से न्याय की मूल अवधारणा प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि स्पीडी ट्रायल के मामले भी राज्य ने कई कीर्तिमान गढ़े हैं।

कानून के मुताबिक अगर कार्रवाई हो जाती है तो इसका बहुत बड़ा असर पड़ता है। हम कहेंगे कि जो क्रिमिनल के मामले के हैं जो भ्रष्टाचार से संबंधित मामले हैं इसमें कोर्ट बना हुआ है सारी बात तो इन सब चीजों पर भी पूरा होना चाहिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पुलिस प्रशासन में आमूल–चूल बदलाव लाया है। थानों में लॉ एंड ऑर्डर, विधि व्यवस्था और स्पीडी ट्रायल मामलों के लिये अलग–अलग व्यवस्था की गयी है। श्री कुमार ने कहा कि ऑनलाईन एफ.आई.आर. दर्ज करवाने की दिशा में भी तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि थानों के अपने भवन बन चुके हैं। पुलिस को नई गाड़ियां दी गयी हैं और उन्हें आधुनिक हथियारों से सुसज्जित किया गया है। समारोह को पटना उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीशों समेत प्रदेश के आलाधिकारियों ने संबोधित किया।

———————————————

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि रेलवे, ट्रेनों के भीतर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर विचार कर रही है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री गोयल ने कहा कि जल्द ही इस आशय का प्रस्ताव मंत्रिमंडल को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए रेलगाड़ियों में वाई–फाई सुविधा तथा सभी स्टेशनों और

लम्बी दूरी की ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने पर विचार किया जा रहा है। रेल मंत्री ने रेल किराये की फ्लेक्सी फेयर योजना को भी पूरी तरह बदलने के संकेत दिये। उन्होंने कहा कि यात्री रेल गाड़ियों के पूरी तरह बुक नहीं होने की स्थिति में एयरलाईन्स और होटलों की तरह रेलवे भी टिकटों में रियायत देगा।

——————————————————

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छब्बीस दिसंबर से पंद्रह जनवरी के बीच विद्यार्थियों को पोशाक और साईकिल से लेकर अन्य प्रोत्साहन योजना के तहत दी जाने वाली राशि का वितरण किया जायेगा। पैसे विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजे जायेंगे। शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव आर के महाजन ने बताया कि इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन बच्चों का बैंक अकाउंट नहीं है, उनके अभिभावक के खाते में राशि भेजी जायेगी।

——————————————————

कृषि मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार ने दलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिये कई योजनाओं की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दलहन विकास के लिये छप्पन करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन के तहत इस वर्ष साढ़े दस हजार एकड़ भूमि में मसूर, पांच हजार एकड़ में चना, सोलह हजार एकड़ में मूंग और तीन हजार एकड़ में राजमा का उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

——————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने सिविल सर्जनों को जरूरतमंद मरीजों के लिये समय पर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। श्री पाण्डेय आज मुंगेर में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के साथ पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मरीजों के लिये हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

——————————————————

राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवंश प्रसाद सिंह ने कहा है कि दो हजार उन्नीस में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लोक सभा चुनाव लड़ना अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि राजद की पहली प्राथमिकता विपक्षी दलों की एकजुटता है। इसके बाद ही सर्व सम्मति से नेता का चुनाव होगा। गौरतलब है कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद भी यह कह चुके हैं कि यू.पी.ए. के घटक दलों की बैठक में ही इस बात पर सर्व सम्मति से निर्णय होगा कि आगामी लोक सभा चुनाव किसके नेतृत्व में लड़ा जाये।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नित्यानंद राय ने कहा है कि पार्टी अपनी स्थापना के समय से ही सामाजिक मूल्यों के निर्वाह के प्रति काफी गंभीरता से काम करती रही है। रोहतास जिले के सासाराम में पार्टी कार्यकर्ताओं के चार दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग समारोह के समापन समारोह को संबोधित करते हुये श्री राय ने कहा कि राजनीति से ऊपर उठ कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हमेशा से अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वाह किया है। बाद में श्री राय ने जिले के काराकाट प्रखंड अन्तर्गत बदलाडीह गांव में वायुसेना के शहीद जवान ज्योति प्रकाश निराला की प्रतिमा और उन्हें समर्पित स्मृति द्वार का शिलान्यास किया।

शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड को बेलसंड से जोड़ने के लिये बागमती नदी पर पचास करोड़ रूपये की लागत से नये पुल का निर्माण करवाया जायेगा। बेलसंड की विधायक सुनिता सिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुये बताया कि इसके लिये राज्य सरकार ने अपनी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा कि पुल का निर्माण हो जाने से बेलसंड से तरियानी और कोलसो के बीच की दूरी काफी कम हो जायेगी।

आज पटना में पहली बार हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। महान धावक और ओलम्पियन मिल्खा सिंह ने गांधी मैदान से हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रन फॉर बिहार थीम पर आयोजित इस मैराथन में देश के कई हिस्सों से पहुंचे धावकों ने हिस्सा लिया। तीन वर्गों में आयोजित मैराथन में लगभग चार हजार लोगों ने प्रतिभागिता की। इक्कीस दशमलव एक किलोमीटर के महिला वर्ग में कोलकाता की प्रतिमा टूडू विजेता रहीं। वहीं, मधेपुरा की सुमन भारती को दूसरा स्थान मिला। तीसरे स्थान पर निकी राय रहीं। पुरूष वर्ग में जमशेदपुर के अर्जुन टूडू को पहला, बनारस के प्रमोद कुमार को दूसरा और कुणाल कुमार को तीसरा स्थान हासिल हुआ। सभी वर्ग के विजेताओं के बीच दस लाख रूपये की ईनामी राशि का वितरण किया गया। मैराथन में किन्नर समुदाय के लोग भी शामिल हुये।

खगड़िया के कोसी कॉलेज मैदान में आज से आठवें बिहार राज्य सब–जूनियर पुरूष हॉकी प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। चौबीस दिसम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में उनतीस टीमें हिस्सा ले रही हैं। आज खेले गये पहले मैच में खगड़िया की टीम ने भोजपुर को एक तरफा मुकाबले में छह–एक से पराजित किया। एक अन्य

मुकाबले में पूर्णियां की टीम ने पेनाल्टी स्ट्रोक में वैशाली की टीम पर दो–शून्य से जीत हासिल की।

———————————————————

वहीं, बेगूसराय जिले के बरौनी खेल गांव में खेले जा रहे एस.एम. मोईनुल हक फुटबॉल चैम्पियनशिप के प्री–क्वार्टर फाईनल मैच में समस्तीपुर, भोजपुर और वैशाली की टीम ने जीत हासिल की।

———————————————————

सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश भर में ठंड और कनकनी बढ़ गयी है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड में हो रही बर्फबारी के कारण तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक न्यूनतम और अधिकतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर आज प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। पटना और पूर्णिया का न्यूनतम तापमान दस डिग्री और गया का तेरह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के मालती गांव में आज एक निजी जमीन को अतिक्रमण कराने गयी पुलिस ने स्थानीय लोगों पर लाठी चार्ज कर दिया जिसमें तीन लोग घायल हो गये। बाद में आक्रोशित भीड़ ने पुलिस गाड़ी में आग लगा दी।

———————————————————

गया–कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर गुरपा के बीच एक मालगाड़ी के इंजन में खराबी आने से इस रेलखंड पर कई घंटों तक ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा।

———————————————————

सुपौल जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत धर्मपट्टी गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

———————————————————

सारण जिले के मढ़ौरा बाजार स्थित एक आभूषण की दुकान से अपराधियों ने लगभग साढ़े चार लाख रूपये मूल्य के जेवरात चुरा लिये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार और नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने त्वरित न्याय की आवश्यकता पर जोर देते हुये अधिकारियों से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने को कहा।

02. रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा– रेलवे, ट्रेनों के भीतर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर कर रही है विचार।

03. खगड़िया के कोसी कॉलेज मैदान में आज से शुरू हुई बिहार राज्य सब–जूनियर पुरूष हॉकी प्रतियोगिता।

04. और, सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश भर में ठंड और कनकनी बढ़ी। आने वाले दिनों में लोगों को करना पड़ सकता है भीषण ठंड का सामना।

———————————————————————